तापमान
अधिकतम 34.0 डिग्री
न्यूनतम 20.7 डिग्री

हरिभूमि
# रोहतक भूमि
रोहतक, सोमवार, 15 अप्रैल 2024



11 जिलेभर में बाबा साहब की 134वीं जयंती मनाई गई




12 मां कात्यायनी की पूजा अर्चना की, दीर्घायु की की दुआएं मांगी




Farm House
Kothi, Villa के लिये 300 गज के प्लाट
44 फुट चौड़ी सड़कें, सीवर व पानी लाइन, बिजली
अधिक जानकारी के लिए इस लिंक पर क्लिक करें : http://www.guptaproperty.in/
मात्र 20 लाख में NOC ZONE पक्की रजिस्ट्री
M. 8950904219
Gupta Property हिसार रोड NH 9 पर

फॉलो करने पर पाये EXTRA 5% OFF ON MAKING OF EVERY GOLD JEWELLERY
@PPJEWELLERSROHTAK
ppjewellersrohtak
P.P. Jewellers Rohtak
P.P. Jewellers Rohtak
केवल 5% बनवाई सोने के सभी आभूषण पर
सभी 22K HUID हॉलमार्क आभूषण उपलब्ध हैं।
P. P. Jewellers
रोहतक का सबसे बेहतरीन आभूषण स्टोर
RAILWAY ROAD ROHTAK, CALL :- 70828-66177
केवल 0% बनवाई हीरे के सभी आभूषण पर
35% की छूट हीरे की कीमत पर
SPIN
सुनिश्चित उपहार जीतें। हीरे के आभूषणों की हर न्यूनतम खरीद पर।
T&C APPLY
SUNDAY OPEN


## शहर में आज

- मदवि के स्वराज सदन में कार्यशाला का आयोजन।

## बिजली कट


- 11 केवी झज्जर रोड फीडर की सामान्य मरम्मत के कार्य के लिए सुबह 9 बजे से 12 बजे तक बंद रखा जाएगा। इसके कारण हुडा कॉम्प्लेक्स, बीजेपी ऑफिस, विजय नगर, संत मई चौक, वकीलों वाली गली, झज्जर रोड, फोटो वाली गली, उझीपुरा, बस्ती पूरा, आर्य नगर, दानू मंडी में बिजली बाधित रहेगी।
- 33 केवी सब स्टेशन सेक्टर 6 रोहतक पर सामान्य मरम्मत का कार्य किया जाएगा जिसके कारण सुबह 8 बजे से 10 बजे तक लाढ़ौत रोड, उत्तम विहार, टॉल प्जाला, मिल्क प्लांट, चमारिया, सनसिटी हाइट, विशाल नगर, राजीव गांधी खेल परिवार आदि जगहों पर बिजी बाधित रहेगी।
- 11 केवी प्राइड मार्केट, सेक्टर एक में सुबह दस बजे से एक बजे तक बिजली बाधित रहेगी।
- भय्यापुर 132 केवी सब स्टेशन जसिया एरिया में सुबह दस बजे से एक बजे तक बिजली बाधित रहेगी।

### घटना से गांव में दहशत, पुलिस मौके पर पहुंची

# चिड़ी में सर्विस स्टेशन संचालक की हत्या उठाने गए 5 युवकों को टैंपो ने कुचला

- सभी घायलों को उपचार के लिए रोहतक पीजीआई में भर्ती करवाया गया
- परिवार बोला- धमकी मिली थी, साजिश का अंदेशा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महम



लाखन माजरा थाना क्षेत्र के गांव चिड़ी सर्विस स्टेशन संचालक की हत्या का सनसनीखेज मामला सामने आया है। वारदात स्थल पर पांच अन्य व्यक्ति भी घायल अवस्था में पाए गए हैं, जिनको उपचार के लिए रोहतक पीजीआई में भती करवाया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

जानकारी के अनुसार, लाखनमाजरा थाना में दी शिकायत में चिड़ी गांव निवासी नवीन ने बताया कि उसने चिड़ी गांव की सीएचसी के पास एक सर्विस स्टेशन बना है। जिसको उसके पिता संभालते थे। कल रात को साढ़े 8 बजे उसके पिता बलजीत अपनी सप्लेंडर बाइक पर घर आ रहे थे। नवीन का कहना है कि उसके पास हिमांशु ने सूचना दी कि उसके पिता वकील की डेयरी के पास बाइक समेत घायल अवस्था में पड़े हैं। वह सूचना पाकर परिवार के सदस्यों के साथ मौके पर पहुंचा, जहां पर हिमांशु, राजीव, रवि, नवीन व हितेश भी घायल अवस्था में पड़े मिले। जिन्होंने बताया कि वे बलजीत को उठा रहे थे, तभी पीछे से एक टैंपो ने उन्हें टक्कर मार दी। जिस कारण उनको भी चोट लगी और बलजीत को भी कुचल दिया। गाड़ी पर धर्मवीर अचार वाला लिखा हुआ था। टैंपो चालक मौके से टैंपो लेकर भाग गया। शिकायतकर्ता का कहना है कि उन्होंने एंबुलेंस बुलाकर सभी को उपचार के लिए चिड़ी सीएचसी में भेजा। जहां चिकित्सकों ने उपचार के लिए बलजीत, हितेश, हिमांशु, नवीन, राजीव व रवि को रोहतक पीजीआई रेफर कर दिया। रोहतक पीजीआई में चिकित्सकों ने बलजीत को मृत घोषित कर दिया।

शिकायतकर्ता नवीन ने पुलिस को दी शिकायत में कहा है कि उसे शक है कि उसके पिता को किसी ने मारपीट कर जान से मारने की नीयत से रोड पर डाला था। शक है कि यह घटना रंजिश रखते हुए मोनू ने की है। क्योंकि उसके पिता को एक महीना पहले मोनू ने जान से मारने की धमकी दी थी। इस संबंध में उसके पिता ने उसके खिलाफ लाखन माजरा थाना में शिकायत दर्ज करवाई थी। इसलिए उसके पिता की मौत को सड़क हादसा न मानकर रंजिशन हत्या माना जाए। पुलिस ने मृतक के बेटे की शिकायत पर मोनू के खिलाफ हत्या का केस दर्ज कर लिया है।

### की जा रही जांच

पुलिस ने मृतक के बेटे की शिकायत पर मोनू के खिलाफ हत्या का केस दर्ज कर लिया है। शव का पोस्टमार्टम करवा दिया गया है। हर पहलू से जांच की जा रही है।
-समरजीत सिंह, एसएचओ, लाखनमाजरा

### डीसी ने कहा, सुरक्षित स्कूल वाहन पॉलिसी व अन्य नियमों का अनुपालन जरूरी

# 119 स्कूल बसों की चेकिंग में मिली ढेरों खामियां, 10 बसों का चालान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

उपायुक्त अजय कुमार ने कहा कि प्रत्येक स्कूल संचालक को हरियाणा मोटर व्हीकल रूल्स के प्रावधानों और सुरक्षित स्कूल वाहन पॉलिसी की अनुपालना सुनिश्चित करनी होगी। उन्होंने कहा कि स्कूल बसों की फिटनेस आदि को लेकर जिला प्रशासन द्वारा लगातार चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। उपायुक्त ने बताया कि 14 अप्रैल को जिले में 119 स्कूल बसों की चेकिंग की गई। खामियां पाए जाने पर 10 बसों के चालान किए गए हैं। उन्होंने स्कूल संचालकों को हिदायत देते हुए कहा है कि अपनी स्कूल बसों को दुरुस्त करें। खामियां पाए जाने पर संबंधित स्कूल संचालक के खिलाफ कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

### कोताही न बरतें



उपायुक्त अजय कुमार ने कहा कि इस मामले में बिल्कुल भी कोताही नहीं बरती जाएगी, जो बस फिटनेस से लेकर दस्तावेज तक सभी उपकरणों से लैस होगी उन्हें ही रोड पर चलने दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि स्कूल बसों के द्वारा निर्धारित मापदंड पूरे किए जाने जरूरी है। बता दें कि जिले के अंतर्गत आने वाले सभी उपमंडल में एसडीएम के नेतृत्व में लगातार स्कूल बसों की चेकिंग का कार्य जारी है।



महम। एक निजी स्कूल में स्कूल बसों के दस्तावेजों की जांच करते हुए एसडीएम टीम के सदस्य। फोटो : हरिभूमि

### महम एसडीएम टीम ने प्राइवेट स्कूलों की बसें जांची

**महम।** प्राइवेट स्कूलों की बसों की जांच के लिए महम में एसडीएम दलबीर फोगाट के नेतृत्व में एक उपमंडल स्तरीय टीम गठित की गई है। इस टीम ने रविवार को महम में प्राइवेट स्कूलों में पहुंचकर स्कूल बसों की जांच की। इस टीम में खण्ड शिक्षा अधिकारी प्रतिनिधि के रूप में डॉ. महेश वर्मा, रोडवेज विभाग से राजवीर सिंह और आरटीओ ऑफिस से ओमदत्त शर्मा व तहसीलदार के ड्राइवर अजमेर सिंह अहलावत शामिल थे। इस टीम ने रविवार को 4 स्कूलों की में वाहनों की जांच की। महम के श्री राम सेकेंडरी स्कूल में 3 वाहनों की जांच की गई। 2 बसों का टैक्स नहीं भरा हुआ था, जिसका स्कूल संचालक ने मौके पर ही टैक्स भर दिया। महम के चैतन्य स्कूल में 8 वाहनों की जांच की गई। बसों में जीपीएस तो लगा हुआ था। लेकिन सीसीटीवी कैमरे नहीं लगे हुए थे। शहर के महाराजा अग्रसेन पब्लिक स्कूल में इस टीम ने 18 वाहनों की जांच की। एक बस का टैक्स नहीं भरा गया था।

### हरियाणा गौरव सम्मान



### न्यू हरियाणा सीनियर सेकेंडरी स्कूल के निदेशक जेएस बूरा सम्मानित

**रोहतक।** स्वामी इंद्रवेश विद्यापीठ टिटौली में धर्म प्रतिष्ठान तथा सार्वदेशिक आर्य युवक परिषद हरियाणा के संयुक्त तत्वावधान में महर्षि दयानंद सरस्वती की जन्म जयंती के उपलक्ष में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें शिक्षक, खिलाड़ी तथा समाजसेवियों को हरियाणा गौरव सम्मान से सम्मानित किया गया। समारोह के मुख्यातिथि सार्वदेशिक आर्य प्रतिनिधि सभा नई दिल्ली के प्रधान स्वामी आर्यवेश ने न्यू हरियाणा सीनियर सेकेंडरी स्कूल के निदेशक जेएस बूरा को हरियाणा गौरव सम्मान से नवाजा। जेएस बूरा ने कहा कि उन्हें जो सम्मान दिया गया है, इससे समाजिक कार्यों को आगे बढ़ाने में और उर्जा मिलेगी। संयोजक स्वामी आदित्यवेश, बेटी बचाओ अभियान राष्ट्रीय अध्यक्षा पूनम आर्या, संयोजक प्रवेश आर्या सहित अन्य मौजूद रहे।

### मदवि में आज से सात दिवसीय कार्यशाला

**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय का चौ. रणबीर सिंह इंस्टीट्यूट ऑफ सोशल एंड इकोनॉमिक चेंज 15 से 19 अप्रैल तक-रिसर्च मैथडोलॉजी पर सात दिवसीय कार्यशाला का आयोजन करेगा। चौ. रणबीर सिंह इंस्टीट्यूट की निदेशिका प्रो. सोनिया मलिक ने बताया कि फैकल्टी ऑफ सोशल साइंसेज के पीएचडी कोर्स वर्क के लिए एनरोल्ड विद्यार्थियों के लिए इस कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। फैकल्टी ऑफ सोशल साइंसेज के डीन प्रो. सेवा सिंह दहिया इस कार्यशाला के कंवीनर हैं तथा इकोनॉमिक्स विभाग के अध्यक्ष डा. राजेश कुमार व लाइब्रेरी साइंस विभाग के अध्यक्ष डॉ. संजीव कादियान कार्यशाला कोऑर्डिनेटर हैं। यह कार्यशाला स्वराज सदन में 15 अप्रैल को प्रातः 9 बजे से प्रारंभ होगी।



### अब तक 18423.45 मीट्रिक टन गेहूं तथा 18173.85 एमटी सरसों की हुई खरीद

**रोहतक।** उपायुक्त अजय कुमार ने जिला के किसानों का आह्वान किया है कि वे गेहूं की फसल की कटाई के बाद फसल अवशेषों का उचित प्रबंधन करें। किसान अपनी फसलों को पूरी तरह सुखाकर व साफ करके मंडियों में लाये ताकि फसल बिक्री में कोई असुविधा न हो। अब तक जिला की मंडियों में 18423.45 मीट्रिक टन गेहूं व 18173.85 मीट्रिक टन सरसों की खरीद की जा चुकी है। रोहतक, कलानौर साइलो व सांपला मंडियों में 10967.80 मीट्रिक टन, एफसीआई द्वारा कलानौर साइलो में 212 मीट्रिक टन, खाद्य विभाग द्वारा लानौर साइलो, महम, रोहतक मंडियों में 3087.55 मीट्रिक टन व हैफेड द्वारा महम व रोहतक मंडी में 4156.10 मीट्रिक टन गेहू की खरीद की गई है। कलानौर साइलो द्वारा 496.04 मीट्रिक टन, महम मंडी द्वारा 524.90 मीट्रिक टन, रोहतक मंडी द्वारा 7738.51 मीट्रिक टन तथा सांपला मंडी में 9664 मीट्रिक टन गेहूं की खरीद शामिल है।

### नामांकन के समय हिदायतों का पालन करें उम्मीदवार

# 100 मीटर की परिधि में केवल 5 व्यक्ति ही कर सकते हैं प्रवेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक



रोहतक लोकसभा क्षेत्र के रिटर्निंग अधिकारी अजय कुमार ने सभी राजनीतिक दलों तथा चुनाव प्रत्याशियों का आह्वान किया है कि वे नामांकन पत्र दाखिल करते समय भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी हिदायतों की अनुपालना सुनिश्चित करें। इन हिदायतों के अनुसार नामांकन पत्र दाखिल करते समय रिटर्निंग अधिकारी, सहायक रिटर्निंग अधिकारी के कार्यालयों की 100 मीटर की परिधि में केवल 3 वाहन तथा चुनाव प्रत्याशी सहित केवल 5 व्यक्ति ही प्रवेश कर सकते हैं। अजय कुमार ने सभी राष्ट्रीय और राज्य पार्टियों तथा सभी सांसदों या विधायकों को जारी हिदायतों में कहा है कि वे लोकसभा आम चुनाव के लिए नामांकन पत्र दाखिल करते समय भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी इस संदर्भ में हिदायतों का दृढ़ता से पालन करें। भारत निर्वाचन आयोग की हिदायतों अनुसार नामांकन दाखिल करते समय रिटर्निंग अधिकारी, सहायक रिटर्निंग अधिकारी कार्यालय की 100 मीटर की परिधि में केवल 3 वाहनों की अनुमति रहेगी तथा नामांकन पत्र दाखिल करते समय रिटर्निंग अधिकारी, सहायक रिटर्निंग अधिकारी के कक्ष में उम्मीदवार सहित केवल 5 व्यक्ति ही मौजूद रह सकते है।

## खबर संक्षेप

### युवकों के पास से 2.300 किलो गांजा बरामद

**रोहतक।** एंटी नारकोटिक्स सेल ने सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए नशीले पदार्थ बेचने की फिराक में खड़े दो युवकों को काबू किया है। युवको से 2 किलो 300 ग्राम गांजा बरामद हुआ है। मामले की गहनता से जांच की जा रही है। प्रभारी एंटी नारकोटिक्स सेल पीएसआई मनोज ने यह जानकरी दी है।

### जय मां गायत्री यज्ञ शाला में हवन का आयोजन

**रोहतक।** चैत्र मास शुक्ल पक्ष नवरात्र में जय मां गायत्री यज्ञ शाला रुपया चौक झज्जर बाईपास पर हवन का आयोजन किया गया। हवन विश्वावारा कन्या गुरुकुल की छात्रा निकुंज एवं लविश वशिष्ठ ने किया। पंडित हरिओम वशिष्ठ ने कहा कि नवरात्र में देवी की कन्या रूप में पूजी जाती है। गायत्री मंत्र, के साथ सभी ने हवन किया। कृष्ण वत्स, आकाश, विनोद शर्मा, सतीश पांचाल, रमेश, भव्य वशिष्ठ, रमेश बुधवार, सुरेश आदि ने हवन में आहुति दी।

### संबोधन | आंबेडकर की जयंती पर आयोजित कार्यक्रम में बोले सांसद: डॉ. अरविंद शर्मा

# कांग्रेस शासन काल में सरेआम चलती थी गुंडागर्दी

- बाबा साहेब के दिखाएं मार्ग चले उन्होंने हमेशा शोषित वर्ग के उत्थान के लिए लड़ाई लड़ी : डॉ. अरविंद शर्मा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

भाजपा सांसद डॉ अरविंद शर्मा ने कहा कि भाजपा विकसित भारत के संकल्प के साथ आगे बढ़ रही है और प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में देश विश्व गुरु बनने की और अग्रसर है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने जो काम कभी सपने में भी नहीं सोचे थे, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अभूतपूर्व कार्य करके देश का सम्मान पूरे विश्व में बढ़ाया है। प्रधानमंत्री मोदी की गारंटी पर देश की जनता को पूरा विश्वास है। साथ ही उन्होंने कहा कि भाजपा विश्व की सबसे बड़ी पार्टी है और यह सब कार्यकर्ताओं की बदौलत है। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ता ही पार्टी की रीढ़ की हड्डी होते हैं और जनता के विश्वास और कार्यकर्ताओं की मेहनत से भाजपा चार सौ



कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राज्य मंत्री विशंबर वाल्मीकि, साथ में है सांसद डॉ. अरविंद शर्मा ।

पार का आंकड़ा हर हाल में पूरा करेगी। रविवार को भाजपा सांसद ने बाबा साहेब डॉ. भीमराव अम्बेडकर की जयंती पर शहर में आयोजित कार्यक्रमों में भी शिरक्त की और लोगों का आह्वान किया कि वे बाबा साहेब के दिखाएं मार्ग चले। बाद में पत्रकारों से बातचीत करते हुए उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जो गारंटी दी है, उससे विपक्ष पूरी तरह से बौखला गया है। उन्होंने सांसद निधि की ग्रांट खर्च को लेकर कहा कि राज्यसभा सांसद दीपेंद्र हुड्डा झूठ बोल रहे है और वह अपनी बात को साबित कर दे तो वह राजनीति छोड़ने को तैयार है। उन्होंने कहा कि यह बात साफ हो चुकी है कि जीत के लिए कांग्रेस नेता किसी भी हद तक जा सकते है, लेकिन प्रदेश की जनता को सब पता है कि कांग्रेस शासन काल के दौरान किस तरह से गुंडागर्दी चलती थी और सरेआम दुकानदारों व आम लोगों को लूटा जाता था। अरविंद शर्मा ने कहा कि किसानों को फसल खरीद को लेकर किसी प्रकार से परेशान नहीं होने दिया। सरकार की तरफ से मंडियों में खरीद को लेकर तमाम प्रबंध किए गए हैं। इस अवसर पर राज्य मंत्री विशंबर वाल्मीकि, राजू सहगल, जिला अध्यक्ष रणबीर ढाका, प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

### संविधान निर्माण में बाबा साहेब की भूमिका अहम

भाजपा संगठन महामंत्री फणीन्द्रनाथ शर्मा ने कहा कि भारतीय संविधान निर्माण में बाबा साहेब की भूमिका अतुलनीय है। उन्होंने अपना पूरा जीवन गरीब लोगों के उत्थान में लगा दिया। साथ ही उन्होंने हमेशा समानता की बात की। बाबा साहेब के विचार व सिद्धांत आज भी लोगों के लिए प्रेरणा स्त्रोत है।



**रोहतक।** एमडीयू के अभिलाषा कन्या छात्रावास परिसर की वार्डन डॉ. सुनीता मल्हान को सम्मानित करते हुए आर्य प्रतिनिधि सभा के प्रधान स्वामी आर्यवेश ।

### एमडीयू वार्डन डॉ. मल्हान सम्मानित

**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय की अभिलाषा कन्या छात्रावास परिसर की वार्डन डॉ. सुनीता मल्हान को आर्य समाज द्वारा हरियाणा गौरव सम्मान से नवाजा गया है। स्वामी इंद्रवेश विद्यापीठ आश्रम गांव टिटौली में महर्षि दयानंद सरस्वती की जयंती के अवसर पर आयोजित एवं जलियांवाला बाग के शहीदों को समर्पित समारोह में खेल एवं सामाजिक कार्य के क्षेत्र में विशिष्ट योगदान के लिए डा. सुनीता मल्हान को आर्य प्रतिनिधि सभा के प्रधान स्वामी आर्यवेश द्वारा हरियाणा गौरव सम्मान से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर शिक्षक, खिलाड़ी, सामाजिक कार्यकर्ता एवं आर्य समाज के गणमान्यजन उपस्थित रहे।

## साठ के दशक में दस रुपये थी रेडियो फीस

रेडियो ही मनोरंजन की दुनिया थी। लोग खबरें, क्रिकेट कॉमेंट्री और संगीत सुनने के लिए रेडिया ही खरीदते थे। मनोरंजन के दीवानों के लिए रेडियो सब कुछ होता था। गांवों में तो इक्का दुक्का घरों में ही रेडियो होते थे। चौपालों में पेड़ पर रेडियो टांग दिया जाता था और लोग इसके इर्द गिर्द बैठ जाते थे। 1960 के दशक में लोगों को ब्रोडकास्ट रीसीवर्स लाइसेंस (बीआरएल) लेने के लिए हर साल 10 रुपए फीस देनी पड़ती थी।

# 1977 से पहले हरियाणा में साइकिल और रेडियो के लिए भी बनवाने पड़ते थे लाइसेंस

नियम | राज कुमार नरवाल

*नगर पालिका द्वारा साइकिल के लाइसेंस के रूप में दिया जाता था पीतल का टोकन, टोकन को साइकिल के अगले हिस्से में लगाना होता था जरूरी, साइकिल का टोकन लगाने के लिए चुंगी, नाकों पर खड़े मिलते थे नपा कर्मचारी, रेडियो के लाइसेंस के रूप में पासपोर्ट की तरह एक छोटी पुस्तिका दी जाती थी, जिसमें रेडियो के लाइसेंस की तारीख अंकित की जाती थी।*




**डाक विभाग**
डाक एवं तार विभाग जारी करता था रेडियो का लाइसेंस


**नगर पालिका**
साइकिल का लाइसेंस नगर पालिका द्वारा बनाया जाता था

**जुर्माना**
लाइसेंस रिन्यू न करवाने वालों पर लगता था जुर्माना

हरियाणा में सन 1977 से पहले रेडियो और साइकिल का भी लाइसेंस बनवाना पड़ता था। इनके लाइसेंस रिन्यू करवाने पड़ते थे और समय पर लाइसेंस रिन्यू न करवाने पर जुर्माना लगता था। साइकिल का लाइसेंस नगर पालिका अथवा नगर परिषद् द्वारा बनाया जाता था। लाइसेंस के रूप में साइकिल मालिक को एक पीतल का टोकन दिया जाता था, जिस पर एक नंबर लिखा होता था। साथ ही उस पर वैधता की तिथि भी अंकित होती थी। वैधता का समय पूरा होने पर पुराना टोकन जमा करवाना पड़ता था और फीस भरकर दूसरा टोकन लेना पड़ता था। दुकान से साइकिल खरीदकर बिना लाइसेंस लिए कोई व्यक्ति शहर से बाहर नहीं जा सकता था। साइकिल का टोकन देने के लिए नगर पालिका के कर्मचारी चुंगी नाकों पर खड़े रहते थे। नई साइकिल देखते ही वे तुरंत टोकन हाथ में थमा देते थे। लाइसेंस लेना अनिवार्य था। बिना लाइसेंस के रेडियो और साइकिल चलाना अपराध की श्रेणी में आता था। डाक एवं तार विभाग रेडियो के लाइसेंस जारी करता था। लाइसेंस के रूप में पासपोर्ट की तरह एक छोटी बुकलेट दी जाती थी। जिसमें रेडियो लाइसेंस की वैधता दशाई जाती थी। वैधता खत्म होने के बाद अगले पेज पर अगली वैधता अंकित की जाती थी। रेडियो का लाइसेंस रिन्यू न करवाने पर डाक एवं तार विभाग की चिट्ठी रेडियो मालिक के घर पर पहुंच जाती थी। जिसमें जुर्माना और लाइसेंस फीस का पूरा विवरण लिखा होता था। साथ ही कहा जाता था कि यदि आपने ऐसा नहीं किया तो आपके खिलाफ कानूनी कार्रवाई हो सकती है। साइकिल चलाने के लिए लाइसेंस जारी किया जाता था। उससे पहले साइकिल की लाइट और घंटी की जांच की जाती थी। उसके बाद पीतल का लाइसेंस दिया जाता था।

### आजादी के कई दशक बाद तक साइकिल यातायात का हिस्सा रही

1947 में देश आजाद होने के बाद अगले कई दशक तक देश में साइकिल यातायात व्यवस्था का अनिवार्य




हिस्सा रही है। खासतौर पर 1960 से 1990 तक भारत में ज्यादातर परिवारों के पास साइकिल थी। यह व्यक्तिगत यातायात का सबसे ताकतवर और किफायती साधन था। गांवों में किसान मंडियों तक सब्जी और दूसरी फसलों को साइकिल से ही ले जाते थे। वह बात अलग है कि अब साइकिल चलाने के लिए लाइसेंस, पंजीकरण और बीमा की आवश्यकता नहीं है। लेकिन साइकिल चालकों को सड़क यातायात नियमों का पालन करना जरूरी है।

### बिना लाइसेंस रेडियो सुनना अपराध था

लाइसेंस बिना बनवाए जहां साइकिल चलाना अपराध होता था। वहीं बिना लाइसेंस के रेडियो भी नहीं सुन सकते थे। रेडियो को भी बिना लाइसेंस के सुनना अपराध की श्रेणी में आता था। इसमें आरोपी को वायरलैस टेलीग्राफी एक्ट 1933 के अंतर्गत दंडित किए जाने का प्रावधान था। धीरे धीरे मनोरंजन के दूसरे साधन बढ़ने से इस लाइसेंस के नियम को हटा दिया गया।

### दो तरह के बनाए जाते थे लाइसेंस

रेडियो का लाइसेंस दो तरह का होता था। एक डोमेस्टिक और दूसरा कमर्शियल। अगर आप घर बैठकर रेडियो कार्यक्रमों का आनंद लेना चाहते हैं तो आपको डोमेस्टिक लाइसेंस बनवाना होगा। यदि सामूहिक रूप से रेडियो कार्यक्रमों को सुनना या सुनाना चाहते हैं तो कमर्शियल लाइसेंस बनवाना होता था। हर साल ये लाइसेंस रिन्यू भी करवाने पड़ते थे। भारत सरकार ने 1991 में रेडियो लाइसेंस को समाप्त कर दिया। हालांकि हरियाणा में इसे 1977 में ही समाप्त कर दिया गया था।



### चौधरी देवीलाल ने 1977 में हटाया था रेडियो और साइकिल का लाइसेंस

पूर्व उपप्रधानमंत्री रहे स्वर्गीय चौधरी देवीलाल जब 1977 में हरियाणा के मुख्यमंत्री बने तो उन्होंने प्रदेश के लोगों की मांग को ध्यान में रखते हुए रेडियो और साइकिल के लाइसेंस बनाने पर तुरंत प्रभाव से रोक लगा दी। रेडियो और साइकिल को लाइसेंस मुक्त करने पर प्रदेश के लोगों ने जश्न मनाया था। साथ ही इस दौरान ट्रैक्टर का वह टैक्स भी माफ किया गया था, जिसमें ट्रैक्टर को रोड पर चढ़ने पर टैक्स देना पड़ता था। पहले ट्रैक्टर को सड़क पर लेकर चलने के लिए सरकार को अलग से टैक्स देना पड़ता था। यदि कोई किसान अपने ट्रैक्टर को सड़क पर लेकर चढ़ जाता था, तो उस किसान से टैक्स वसूला जाता था। रेडियो और साइकिल के लाइसेंस के साथ ही तत्कालीन मुख्यमंत्री चौधरी देवीलाल ने ट्रैक्टर टैक्स भी माफ कर दिया और उसके बाद किसानों के ट्रैक्टर सड़कों पर दिखाई देने लगे। वरना ट्रैक्टर कच्चे रास्तों पर और खेतों में ही चलाए जाते थे। निर्धारित फीस भरकर ही सड़क पर ट्रैक्टर चढ़ाया जा सकता था।

### साइकिल के लाइसेंस के 1.50 रुपये तक लगते देखे

चेयरमैन अजीत सिंह उर्फ जीता बताते हैं कि उन्होंने साइकिल का लाइसेंस बनवाने के लिए एक रुपया, 50 पैसे और 25 पैसे लगते हुए देखे हैं। ट्रैक्टर के रोड पर चलाने की फीस पहले तो 50 रुपए वार्षिक लगती थी। उसके बाद में यह फीस 170 रुपए वार्षिक हो गई थी।



### बिना लाइसेंस के साइकिल को अपने कब्जे में ले लेते थे नपा कर्मचारी

पंचायत समिति महम के पूर्व चेयरमैन अजीत सिंह उर्फ जीता ने बताया कि साइकिल का लाइसेंस बनवाना बहुत ही अनिवार्य होता था। यदि कोई बिना लाइसेंस का साइकिल मिलता था तो नगर पालिका के कर्मचारी उसे अपने कब्जे में ले लेते थे। जीता चेयरमैन बताते हैं कि उसे बचपन की एक घटना याद है। उसके पास साइकिल का लाइसेंस नहीं था और वह अपना साइकिल लेकर अपने खेड़ी महम गांव से महम कस्बे में आ गए। दशहरा ग्राउंड के पास नगर पालिका के कर्मचारी खड़े थे। बिना लाइसेंस का साइकिल आता देखकर वे भी चौकन्ने हो गए। क्योंकि साइकिल के आगे पीतल का लाइसेंस दूर से ही दिख जाता था। लेकिन उसके पास लाइसेंस नहीं था। नपा कर्मचारियों के इरादे भांपकर वह अपने साइकिल को मोड़कर वापस भागने लगा, तो अधिक रेत होने की वजह से उसे कुछ सैकेंड ज्यादा लग गए। इतनी ही देर में नगर पालिका के एक खाकी वर्दी पहने और बिना मूंछ दाढ़ी के उस कर्मचारी ने दूर से ही एक चेन फेंक दी, चेन का एक हुक उसके साइकिल की कैरियर में फंस गया और उसका साइकिल नपा कर्मचारियों के कब्जे में आ गया। वह उसे छोड़कर वहां से सीधा घर गया। परिजनों को बताया कि उसकी साइकिल बिना लाइसेंस नपा के चुंगल में फंस गई है। परिजन वहां पर पहुंचे। उन्होंने लाइसेंस फीस के रूप में 25 पैसे जमा करवाए। उसके बाद उसे उसकी साइकिल वापस मिली। जीता चेयरमैन बताते हैं कि नपा कर्मचारियों का काफी खौफ होता था। उसे आज भी उस बिना दाढ़ी के खाकी वर्दी पहने नीली आंखों वाले उस कर्मचारी का चेहरा अच्छी तरह याद है, जिसने उसकी साइकिल पर चेन फेंकी थी।

---

रागनी | विश्वबंधु शर्मा



### क्यां की चिंता करता

पैदा सो ना पेद जगत मैं , जो ज्याम्यां सै वो मरता है ।
केवल कर्म हाथ मैं तेरै, तूँ क्यां की चिंता करता है ॥ टेक ॥


सातदिनां मैं मरणा निश्चित, फेर क्यूँ मृत्यु तैं डरता है ।
रवि सोम मंगल बुध गुरु शुक्र, वोह नाम शनि का धरता है ।
दोष अपणे पै लेता न वो, वो त्यार बहाना करता है ।
बहाने बिन न मोत किसे की, इत कर्मा का फल भरता है ।
अगले पिछले कट्ठे होज्यां, तूँ नाम मोतका धरता है ।

सब के हित मैं काम करै तूँ, तूँ अपणा हित ना करता है ।
काम क्रोध लोभ मोह मद मैं, नासमझ डूब केंमरता है ।
अकल आपणी बाध लागती, यकीन किसी पै न करता है ।
श्रद्धा विश्वास नहीं मन मैं, ना माधव मन तैं भजता है ।
माया ममता मैं घिर बैठा, कट खाणी से ना डरता है,।

तूँ दीन बन्धु हरि ना भजता, मकड़ी ज्यूँ जाळे घिरता है ।
तूँ चरण शीश कदे न धरता, तूँ अकड़ा अकड़ा फिरता है ।
दोष नसादे पाप मिटा दे, वो सबका पेटा भरता है ।
थावस राख थोड़ी सी मन मैं, तूँ बेसबरी क्यूँ करता है ।
वो न्यायधीश न्यारा जग मैं, बिन पासंग नरजा धरता है।

ग्रीवा काट गज नै बचावै, उद्धार अहल्या करता है ।
सुग्रीव बिचारा लाचारी, वो बाली का वध करताहै ।
बाणासुर की कन्या ठाले, शिव ध्वजा जमी पै धरता है ।
बनवारी ताकत का दाता, बन्धु शक्ति सब मैं भरता है ।
सब कुछ त्यार करै नर तेरा, क्यूँ फिकर गात मैं करता है ।

रागनी | महेन्द्र सिंह बिलोटिया



### काल घेरा

पति पुत सी चीज जगत में और नहीं सै प्यारी
बागां के म्हा रोऊं सूआज दें दें कै किलकारी

माटी के म्हा मिलगी सू मेरे बाक्री भी के रहगी
पति बिछुड़ग्या पुत गुजरग्या बुर्ज किले की ढहगी
फल लागे ना फूल खिले मेरी काच्ची डाली नैयगी
बेटे आला हरफ राम मैं आज आखिरी कहगी
बेटे जैसी चीज जगत में मिलती नहीं उधारी
बागां के म्हा रोऊं सू आज दें दें कै किलकारी

आज मेरे केसी दुखी लुगाई दुनिया में और नहीं
मनै चक्कर आवै जी घबरावै बधंता त्योर नहीं
इसी फिक्र में जलगी सू मेर लाई अग्नी कौर नहीं
परमपिता परमेश्वर तेरा आगै कुछ चाल जोर नहीं
माणस की ना पार बसावै कितनी ए करो हुश्यारी
बागां के म्हा रोऊं सू आज दें दें कै किलकारी

बेटे संहार दिन तोड़ थी कोए दुजी औट नहीं सै
दुनिया के म्हा इसतै बढकै और कोए चोट नहीं सै
साधु जी ने पाड़े पाछ म्हारी मिली जोट नहीं सै
मेरे पति ने कर्म करें कुछ भी मेरा खोट नहीं सै
वो भंगी के घर मटके ढौव मैं पंडित कै झारी
बागां के म्हा रोऊं सू आज दें दें कै किलकारी


बेरा कोन्या के लिख राखी भाग मेरे इस खोटे मैं
नाग बता तनै के मिलजागा दुखीया का गल घोटे मैं
माणस की ना इज्जत होती जात बिगड़जा टोटे मैं
महेंद्र सिंह वो भजन बणावै रहता गाम बिलोटे मैं
तुरन्त रागनी त्यार कर सै वो काढं रंगत न्यारी
बागां के म्हा रोऊं सू आज दें दें कै किलकारी॥

haribhoomisahitya@gmail.com पर आप अपनी रचनाएं भेज सकते हैं।

---

समाज | भंडारे से हमारी आस्था, संस्कृति और परंपरा साफ झलकती है, धार्मिक अनुष्ठान के पश्चात परोसा जाता है भोजन

# आस्था, संस्कृति और परंपरा का प्रतीक भंडारा



**सनातन**
अन्नदान करने की परंपरा सनातन संस्कृति में सबसे उत्तम और श्रेष्ठ मानी गई

**समानता**
आपसी प्यार, प्रेम व भाईचारे का भी प्रतीक जहां सब एक साथ बैठकर करते हैं भोजन

परंपरा | जयदेव राठी भराण

प्राचीन काल में राजा महाराजा धार्मिक अनुष्ठान करने के बाद आयोजन करते थे, जिसमें राजा अपनी प्रजा में जरूरतमंदों को धन, वस्त्र, भोजन आदि का दान करते थे। पौराणिक शास्त्रों के अनुसार हम जिस चीज का दान करते हैं। परलोक में वही वस्तुएं मिलती हैं। भंडारे से धार्मिक पुण्य की प्राप्ति होती है। भंडारे की प्रथा बहुत ही प्राचीन परंपरा रही है। पौराणिक शास्त्रों के अनुसार भंडारे में दान करने से मनुष्य को पुण्य की प्राप्ति होती है। अन्न का दान करना आज के समय में भंडारे के रूप में प्रचलन में आया है। भंडारे में भोजन करने से शरीर और आत्मा दोनों को संतुष्टि मिलती है। भंडारे में धार्मिक पुण्य की प्राप्ति होती है। भंडारे



लगाकर जरूरतमंदों और साधु संतों की सेवा करके आशीर्वाद प्राप्त करते हैं। जब भी कोई धार्मिक उत्सव हो तो मंदिरों या अन्य धार्मिक स्थान पर भंडारे का आयोजन किया जाता है। भंडारे की परंपरा प्राचीनकाल से ही चली आ रही है।

### एक प्रचलित कथा

एक बार भगवान शिव ब्राह्मण के वेश में प्रथ्वी पर पधारे और एक कंजूस विधवा स्त्री से दान मांगा। स्त्री उस समय उपले बना रही थी। उसने कहा कि वह अभी अन्न नहीं दे सकती है। क्योंकि वह उपले बना रही है। ब्राह्मण ने दान के लिए हठ किया तो स्त्री ने ब्राह्मण को गोबर दान मे दे दिया। मृत्यु के पश्चात जब वह स्त्री परलोक पहुँची तो उसे भोजन में गोबर मिला। जब स्त्री ने इसका कारण पूछा तो पता चला कि उसने जो दान मे गोबर दिया था यह उसी का परिणाम है।

भंडारा करने से मां अन्नपूर्णा का आशीर्वाद मिलता है सिख धर्म में भी भंडारा किया जाता है जिसे हम लंगर कहते हैं उसका महत्व भी उनके गुरु की महिमा को प्रदर्शित करना है। भंडारा पूर्ण सात्विक होता है। इसे किसी भी धर्म के व्यक्ति ग्रहण कर सकते हैं।भंडारे में ज्यादा से ज्यादा व्यक्ति योगदान देते हैं ताकि उनमें सकारात्मक शक्ति और ईश्वर का वास हो और धार्मिक शक्ति का बल मिले। भंडारे में किसी को निमंत्रण नहीं दिया जाता बल्कि बिना निमंत्रण भोजन कराया जाता है भंडारे में अनेक तरह के पकवान बनाए जाते हैं सब्जी पूरी दाल हलवा लड्डू चावल आदि खिलाए जाते हैं। वे लोग बड़े ही सौभाग्यशाली होते हैं जिन्हें प्रसाद स्वरूप भगवान का आशीर्वाद मिलता है। ईश्वर का प्रसाद और आशीर्वाद किस्मत वालों को नसीब होता है।

### कर्मों का फल

भंडारे की एक कथा काफी प्रचलित है। पद्म पुराण के सृष्टि खंड के अनुसार एक बार विदर्भ के राजा स्वेत मरने के उपरांत परलोक पहुंचे तो उन्हें बड़ी तेजी से भूख लगी। जब उन्होंने भोजन मांगा तो उन्हें वहां किसी ने भी भोजन नहीं दिया। राजा की आत्मा ब्रह्मदेव के पास पहुंची और उनसे पूछने लगी कि आखिर उन्हें भोजन क्यों नहीं दिया जा रहा। तब ब्रह्मदेव ने राजा स्वेत को बताया कि उन्होंने अपनी जीवन काल में कभी भी अन्नदान नहीं किया। इसी कारण उसे अपने कर्मों का फल भोगना पड़ रहा है, इसलिए तुम्हें भोजन नहीं मिलेगा। तब राजा ने अपनी आने वाली पीढ़ी को स्वप्न में आकर अन्नदान करने और भंडारा करने के लिए कहा। कहा जाता है कि तभी से भंडारे की परंपरा चली और अभी तक चली आ रहीं है।

---

# आधुनिक तकनीक से पैदावार बढ़ाने का प्रशिक्षण दे रहे डा. शिवेंदु

◆ 708 राज्यों के किसानों को ट्रेनिंग दे चुके डॉ. सोलंकी ◆ सभी जिलों से किसान आते हैं प्रशिक्षण के लिए ◆ इजरायली, नेपाल के विशेषज्ञ भी कर चुके निरीक्षण

बातचीत | तरुण वधवा

आजकल परंपरागत खेती और बागवानी का तरीका बदल गया है। खेती के परंपरागत तरीकों के जरिये होने वाली कमाई कम हो गई है और उनके प्रति न ही किसानों में जोश रहा है। उप-उष्णकटिबंधीय फल केंद्र बागवानी विभाग कुरुक्षेत्र के विषय वस्तु विशेषज्ञ डा. शिवेंदु प्रताप सिंह सोलंकी किसानों पिछले 8 वर्षों से आधुनिक तकनीक के माध्यम से फसलों की पैदावार बढ़ाने का प्रशिक्षण दे रहे हैं। लाडवा के उप उष्णकटिबंधीय फल केंद्र में हरियाणा के सभी जिलों से किसान प्रशिक्षण के लिए आते हैं। इसके अलावा अन्य प्रदेशों के किसानों को भी आधुनिक तकनीक के बारे में जानकारी दी जाती है। बागवानी विभाग के उपनिदेशक डा. सत्येंद्र कुमार के नेतृत्व में डा. शिवेंदु प्रताप सिंह सोलंकी अभी तक 708 राज्यों के किसानों को ट्रेनिंग दे चुके है। यहां से प्रशिक्षण प्राप्त कर किसानों की पैदावार बढ़ी है जिससे उनकी आमदनी में भी इजाफा हुआ है। डा. शिवेंदु प्रताप सिंह सोलंकी किसानों को ड्रिप, एडवांस तकनीक, पौधों की कटाई छंटाई का प्रशिक्षण देते हैं।

### जल और उर्वरक प्रबंधन के गुर

इसके अलावा जल प्रबंधन, उर्वरक प्रबंधन, नर्सरी प्रबंधन के गुर भी सिखाते हैं। उन्होंने कहा कि बागवानी विभाग का उद्देश्य किसानों को उच्च गुणवत्ता के पौधे उपलब्ध करवाना, किसानों को प्रशिक्षण के माध्यम से फलों की उन्नत खेती पर



प्रशिक्षण देना, टेक्नोलॉजी ट्रांसफर करना है। टेक्नोलॉजी ट्रांसफर के माध्यम से उन्नत तकनीक को सीधा किसानों के खेतों तक पहुंचाया जाता है। उप उष्णकटिबंधीय फल केंद्र लाडवा में विभिन्न फलों की किस्मों को तैयार किया गया है। फलों की इन किस्मों का इजरायली विशेषज्ञ, नेपाल के विशेषज्ञ भी निरीक्षण कर चुके हैं। केंद्र में नेट हाउस, पोली हाउस में विभिन्न फसलों की पैदावार को आधुनिक तकनीकी के माध्यम से बढ़ाने की जानकारी दी जाती है।

### किसानों की आय बढ़ाने पर फोकस

डा. शिवेंदु प्रताप सिंह सोलंकी का कहना है कि विभाग का मुख्य उद्देश्य यही है कि किसानों की आय में इजाफा हो। इसके लिए ही किसानों को ट्रेनिंग दी जाती है। विभाग का उद्देश्य है कि फल आधारित उद्योगों को



बढ़ावा दिया जाए जिससे कि रोजगार के अवसर पैदा हो। किसानों को बाग के प्रबंधन और मधुमक्खी पालन के बारे में प्रशिक्षण दिया जाता है। बागवानी में मशीनीकरण के उपयोग बारे बताया जाता है।

### उच्च गुणवत्ता के फलों के पौधे उपलब्ध

डा. शिवेंदु प्रताप सिंह सोलंकी ने बताया कि बागवानी विभाग के उपनिदेशक डा. सत्येंद्र कुमार के नेतृत्व में केन्द्र पर बनी नर्सरी में किसानों के लिए स्वस्थ एवं उच्च किस्म की फलों की पौध तैयार की जाती है ताकि किसानों कम मूल्य में उच्च गुणवत्ता के फलों के पौधे उपलब्ध करवाए जा सके। इसके साथ-साथ समय-समय पर केंद्र में विभिन्न फल उत्सवों का आयोजन भी किया जाता है जिससे किसानों की फलों की खेती के बारे में जानकारी प्रदान की जाती है।

### फलों की किस्म का स्थल है केंद्र



डा. शिवेंदु प्रताप सिंह सोलंकी ने बताया कि उप-उष्णकटिबंधीय फल केंद्र आम, लीची, चीकू, आडू, नाशपती, बेर, खुमानी, अमरूद, नींबू, जैतून और अनार की अलग-अलग फलों की किस्म का स्थल रहा है। यह केंद्र राज्य के विभिन्न जिलों में आम, अमरूद पर किसानों के खेतों में चंदवा प्रबंधन का प्रदर्शन कर रहा है। उप-उष्णकटिबंधीय फल केंद्र इंडो इजराइल परियोजना से देश में अपनी तरह का उप उष्णकटिबंधीय फल के लिए एक अनूठी परियोजना है जो किसानों को सीधे तौर पर उच्च गुणवत्ता वाले फलदार पौधों की रोपण सामग्री, उच्च प्रबंधन के तरीकों और रोपण सामग्री देकर सीधे तौर पर मदद करता है और प्रशिक्षण और साइट प्रदर्शनों से परोक्ष रूप से विभिन्न राज्यों बागवानी के क्षेत्र में मदद करता है।

### जिलेभर में संविधान निर्माता की 134वीं जयंती पर कार्यक्रम, मदवि में आयोजित समारोह में कुलपति प्रो. राजबीर सिंह बोले

# बाबा साहेब का जीवन सतत सीखने, अध्ययनशीलता का पर्याय

हरिभूमि न्यूज ⏩रोहतक



रोहतक। डा. आंबेडकर के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए मदवि के कुलपति प्रो. राजबीर सिंह ,डॉ. शरणजीत कौर , कुलसचिव प्रो. गुलशन तनेजा ,छात्र कल्याण प्रो. रणदीप राणा व एससी-एसटी प्रकोष्ठ की संपर्क अधिकारी डा. प्रतिमा रंगा।

बाबा साहेब डॉ. बीआर आंबेडकर के विचार-दर्शन आज भी प्रासंगिक हैं। जरूरत है कि डॉ. आंबेडकर के सामाजिक-आर्थिक-राजनीतिक विचारों तथा उनके कल्याणकारी दर्शन एवं विचारधारा को जन-जन तक ले जाया जाए।

भारत रत्न डॉ. आंबेडकर के जीवन तथा कार्यों से प्रेरणा लेकर सामाजिक उत्थान के लिए कार्य करने का आह्वान महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. राजबीर सिंह ने रविवार को विश्वविद्यालय में आयोजित डॉ. आंबेडकर जयंती समारोह में किया। विश्वविद्यालय के छात्र कल्याण कार्यालय के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित डॉ. अंबेडकर जयंती समारोह की अध्यक्षता एमडीयू कुलपति प्रो. राजबीर ने की। कुलपति ने कहा कि डॉ. आंबेडकर महान संविधानवेत्ता के साथ-साथ महान समाज सुधारक रहे। उनका जीवन पर्यंत सीखने, अध्ययनशीलता का पर्याय है।

### विशेष प्रेरणा लेनी चाहिए

कुलपति प्रो. राजबीर सिंह ने कहा कि बाबा साहेब के जीवन से विद्यार्थियों-शोधार्थियों, प्राध्यापकों को विशेष प्रेरणा लेनी चाहिए। डॉ. अंबेडकर को कुलपति ने शत-शत नमन किया। इस कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित भारतीय पुनर्वास परिषद की अध्यक्ष डॉ. शरणजीत कौर ने कहा कि विद्यार्थीगण बाबा साहेब डॉ. भीम राव आंबेडकर के लेखन को अवश्य याद रखे तथा मंथन करें।

### अधिकारों के पैरवीकार

एमडीयू के कुलसचिव प्रो. गुलशन लाल तनेजा ने डॉ. आंबेडकर को भारतीय संविधान का रचनाकार महिला अधिकारों का पैरवीकार, सामाजिक परिवर्तन के अग्रदूत तथा सामाजिक-आर्थिक-राजनीतिक सुधारों का प्रणेता बताया। उन्होंने कहा कि डा. आंबेडकर का जीवन मानवता तथा सामाजिक समरसता का प्रभावी संदेश देता है।

कार्यक्रम के प्रारंभ में अधिष्ठाता, छात्र कल्याण प्रो. रणदीप राणा ने स्वागत भाषण दिया। प्रो. राणा ने कहा कि डा. आंबेडकर का जीवन बेहद प्रेरणादायी है। कठिन परिस्थितियों से गुजरकर उन्होंने उच्च अध्ययन के बल पर अपना जीवन गढ़ा। प्रो. राणा ने कहा कि विद्यार्थियों को उनके जीवन से अध्ययनशील बनने तथा कड़ी मेहनत करने का संदेश मिलता है।

### पुष्पांजलि अर्पित की

कार्यक्रम संचालन निदेशक युवा कल्याण डॉ. जगबीर राठी ने किया। आभार प्रदर्शन एससी-एसटी प्रकोष्ठ की संपर्क अधिकारी डा. प्रतिमा रंगा ने किया। स्टूडेंट एक्टिविटी सेंटर में आयोजित इस कार्यक्रम में भारत रत्न डा. अंबेडकर के पोट्रेट पर पुष्पांजलि अर्पित की गई।

### यह रहे मौजूद

इस अवसर पर प्रो. आरपी गर्ग, प्रो. दलीप सिंह, प्रो. तिलक राज, प्रो. विनीता शुक्ला, प्रो. सुमित गिल, सेवानिवृत प्रोफेसर डा. राजकुमार, सुनित मुखर्जी, डॉ. सुरेन्द्र कुमार यादव, डॉ. प्रताप राठी, डॉ. सुनीता मल्हान समेत विवि कर्मी, शोधार्थी, विद्यार्थी कार्यक्रम में उपस्थित रहे।

## सूर्या ग्रुप ने धूमधाम से मनाई आंबेडकर की जयंती



रोहतक। डॉ0 आंबेडकर की चित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित करते सूर्या ग्रुप के प्रेजिडेंट प्रवीन गहलोत , समाजसेवी डॉ अशोक कुमार रंगा, रामफल भाली, जोगेंद्र कुमार (सरपंच भाली आनंदपुर) ।

रोहतक। भिवानी चुंगी स्थित सूर्या ग्रुप द्वारा संविधान निर्माता एवं भारत रत्न डॉ भीमराव आंबेडकर की 133वीं जयंती को धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ डॉ० अंबेडकर की प्रतिमा के समक्ष समाजसेवी डॉ अशोक कुमार रंगा, रामफल भाली, जोगेंद्र कुमार (सरपंच भाली आनंदपुर) द्वारा दीप प्रज्ज्वलित करके किया गया। इसके बाद उन्होंने प्रतिमा के समक्ष श्रद्धासुमन अर्पित करके डॉ अम्बेड़कर के संघर्षपूर्ण जीवन एवं उपलब्धियों पर प्रकाश डाला।

सूर्या ग्रुप के प्रेजिडेंट प्रवीन गहलोत ने डॉ आंबेडकर के जीवन के बारे में बताते हुए कहा कि उन्होंने भारत का संविधान बनाकर हर वर्ग की महिलाओं व उपेक्षित समाज के लोगों के अधिकार सुरक्षित किए। आमंत्रित अतिथियों ने सूर्या प्ले स्कूल के मेधावी छात्रों को शिक्षा एवं खेलों में उपलब्धियों के लिए प्रमाण पत्र वितरित किए गए। इस अवसर पर सूर्या ग्रुप के विद्यार्थी, प्रदीप सिंधु मोखरा, राजसिंह, सहीराम, सतबीर सिंह पूर्व एसडीओ, जयबीर सिंह ,राजेन्द्र भाली, वजीर सिंह, बिजेन्दर सिंह, रमेश सुनारिया, अश्वनी भाली, शक्ति, पवन गहलोत, आशीष, इशांत, गोविंदा, तारा, संदीप, छवि, शिव, पावनी, सूरजमुखी देवी, सुशीला देवी, लक्ष्मी देवी, धन्नो देवी, सुमन देवी, मनीषा देवी, गीता देवी आदि गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## डेहरी मोहल्ला में डॉ आंबेड़कर को किया नमन

रोहतक। डेहरी मोहल्ला स्थित अंबेड़कर चौपाल में डॉ भीमराव अंबेड़कर की जयंती के अवसर पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व मंत्री मनीष ग्रोवर रहे। उन्होंने इस मौके पर आंबेडकर के विचारों पर प्रकाश डालते हुए समाज को उनके पालन करने का संकल्प लेने के लिए प्रेरित किया।

इस मौके पर पूर्व नगर परिषद के प्रधान ओमप्रकाश बागड़ी ने भी लोगों को संबोधित किया व डॉ आंबेडकर जयंती की शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर डेहरी मोहल्ला के अनिल कुमार, राजेश चहल, प्रवीण कुमार सोहल, राज सिंह, राम चरण, प्रीतम सिंह, सोनू सोहल, सूरजमल, दलबीर बामनिया, सन्नी बादल ,सत्य सिंह ,सुंदर सिंह ,सतीश कुमार ,महेंद्र भट्टी ,कालु सोहल ,ऋषि कुमार ,सुशील सोहल और सुधीर चहल, पूर्व पार्षद जयंती देवी, फूलपति देवी, माया देवी व सुंदरी देवी मौजूद रहे।



रोहतक। डॉ भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित करते मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री मनीष ग्रोवर व डेहरी मोहल्ला के लोग। फोटो : हरिभूमि

## जन्मदिवस पर लगाया भंडारा

रोहतक। आंबेडकर भवन पर रविवार को संविधान निर्माता भारत रत्न डॉ. भीम राव अम्बेडकर का 133वां जन्मदिवस देशी घी का भंडारा लगाकर मनाया गया। इस मौके पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। जिसमें आशा हुड्डा मुख्य अतिथि रही। कार्यक्रम की अध्यक्षता भारत भूषण बतरा विधायक ने की। इस अवसर पर हरियाणा दलित एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण एसोसिएशन के प्रान्तीय अध्यक्ष डॉ. अनिल मेहरा, पवन सुतवाल, हरीश सोहल, कृष्ण मुंडे, राजबीर दहिया, सुशील कुमार, ऋषिराज निनानिया, सूबेदार राम सिंह, शकुंतला, अनिल कुमार, वजीर सिंह भौरिया, कुलदीप राठी, अशोक कुमार, अनील मेहरा, नीलम मुक्कल आदि मौजूद रहे।



## अवतरण दिवस पर पौधरोपण



रोहतक। संविधान के जनक डॉ. भीमराव अम्बेडकर के 133वें अवतरण दिवस पर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए पौधारोपण किया गया। प्रवीन सहगल महा सम्पर्क अभियान प्रकोष्ठ सहसंयोजक ने बताया कि सदस्यों ने संविधान निर्माता के पथ पर अग्रसर रहकर सामाजिक भाईचारे को बनाए रखने की शपथ ली। इस अवसर पर विजय, साहिल भसीन, डॉ. नवीन भारती, गौरव गिरोतरा, राजकुमार डंग, राजेश मलिक, यशपाल पंचाल, राजेंद्र प्रसाद, वेद छाबड़ा व्यापार मंडल प्रकोष्ठ जिला संयोजक, प्रदीप सहगल, शैलेंद्र शर्मा, सुभाष सहगल, पंडित साहिल, राजकुमार डंग, गौरव मौजूद रहे।

### बाबा साहेब के जन्मोत्सव पर लंगर सेवा

रोहतक। संविधान निर्माता भीमराव आंबेडकर के 134वें जन्मोत्सव पर आप नेता लवलीन टूटेजा लवली द्वारा शहर के अम्बेडकर चौक पर लंगर सेवा का आयोजन किया गया। सुबह आठ बजे बाबा साहब के पूजन के बाद लंगर सेवा शुरू की गई। लवलीन टूटेजा लवली ने लंगर वितरण किया। लवली ने कहा कि बाबा साहेब जैसी महान विभूति ने भारत की धरती पर जन्म लिया, यह हर भारतीय के लिए गौरव की बात है। आज अमेरिका जैसे देश की कोलंबिया यूनिवर्सिटी में बाबा साहब की प्रतिमा लग रही है, पूरा विश्व बाबा साहब को ज्ञान का भंडार मानता है। जिन्होंने हर भारतीय को सम्मान से जीने के लिए संविधान दिया, भारत सरकार को उन्हें फादर-आफ-नेशन का खिताब देना चाहिए।



रोहतक। लंगर वितरण करते आप नेता लवलीन टूटेजा।

## बाबा साहेब का सपना था भारत का हर नागरिक शिक्षित हो : बलराज कुंडू



महम। हजपा कार्यालय में आयोजित जयंती समारोह में बाबा साहब डॉ. भीमराव अम्बेडकर को नमन करते विधायक बलराज कुंडू व पार्टी कार्यकर्ता। फोटो : हरिभूमि

महम। शिक्षा के बिना देश कभी तरक्की नहीं कर सकता। जब तक हर वर्ग हर मनुष्य तक शिक्षा नहीं पहुंचती तब तक देश विकसित नहीं हो सकता। ये बात हरियाणा जनसेवक पार्टी प्रमुख एवम महम के विधायक बलराज कुंडू ने पार्टी कार्यालय में मनाए गए बाबा साहब के 133 वें अम्बेडकर जयंती पर्व पर बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवम दीप प्रज्वलित करने के बाद उपस्थित लोगों को सम्बोधित करते हुए कही। विधायक ने कहा की हमारे देश में आज भी बहुत से राज्यों में शिक्षा का अभाव है। शिक्षा जब तक हर व्यक्ति तक नहीं पहुंचेगी तब तक अपने अधिकारों के प्रति जागरूक नहीं हो सकते। शिक्षा प्राप्ति के बाद ही देश का हर व्यक्ति जागरूक हो सकता है। विधायक ने कहा की बाबा साहब का सपना था की मेरे देश का हर नागरिक शिक्षित हो। तभी तो कहा है की शिक्षा शेरनी का वह दूध है जो पीएगा दहाड़ेगा। कुंडू ने कहा कि यदि देश का हर नागरिक पढ़ा लिखा होगा तो देश के पढ़े लिखे नेताओं का चयन अपनी समझ से करेंगे किसी के बहकावे से नहीं।

■ हजपा कार्यालय में कार्यकर्ताओं ने धूमधाम से मनाई बाबा साहब की जयंती

### जयंती समारोह में ये रहे मौजूद

इस अवसर पर आजाद सिंह कुंडू, पूर्व एक्सईएन हवा सिंह, पूर्व चैयरमैन समुंदर सिंह, जलकर्ण बल्हारा, राजकुमार, महेन्द्र सिंह, बोबी गोयल, अनिल सिंगला, विकास शर्मा, कपूर सिंह ,रघबीर दहिया, राजकुमार, लीला फोजी,सुलतान, अशोक मोखरा, मंगल सिंह, सुशीला, संतोष, नफे सिंह, सीमा, सुमन, कमलेश, मूर्ति भतेरी व मीनाक्षी आदि उपस्थित थे।



## बाबा साहेब के जीवन पर आधारित भाषण एवंम कविता पाठ प्रतियोगिता

महम। महम -हिसार रोड़ पर स्थित बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर भवन में बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर के 133 वें जन्मोत्सव पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ कॉलेज में पढ़ने वाली छात्राओं द्वारा किया गया। बच्चों द्वारा बाबा साहब के जीवन पर आधारित भाषण एवम कविता पाठ प्रतियोगिता करवाई गई। वहीं कस्बे के वार्ड 13 में स्थित अम्बेडकर चौपाल में भी बाबा साहब की जयंती मनाई गई। जिसमे बाबा साहब को पुष्पांजलि अर्पित की तथा उनके द्वारा बताए गए रास्तों पर चलकर समाज को बेहतर बनाने की बात कही। उन्होंने कहा की शिक्षा की ओर ध्यान देकर समाज को विकसित करना हम सबका कर्तव्य है।कार्यक्रम में समाज के मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में जीजेयू के सहायक निदेशक बिजेंद्र दहिया, किताब सिंह, जयनारायण दहिया, पार्षद ईश्वर सिंह, अजमेर सिंह, अनिल बंटू, राजकुमार, सुरेन्द्र, राजेश कुमार, अत्तर सिंह, रोहतास, रामनिवास, पूर्व पार्षद बंटी सिंहमार, कुलदीप सिंह, सुबेदार मेजर, भान सिंह, राजेश कुमार, रवि, तीर्थ कुमार आदि उपस्थित थे।



### गांधरा में आंबेडकर जयंती मनाई

रोहतक। गांव गांधरा में डॉ भीमराव अंबेडकर की जयंती बड़ी धूमधाम से मनाई गई। इस मौके पर चोगामा प्रधान योगेश मलिक सरपंच गांव गांधरा से और भाई धीरज मलिक सहित अन्य युवाओं को सम्मानित किया गया। इसमें कमेटी डॉ भीमराव अंबेडकर जननायक सेवा समिति के पदाधिकारी भी मौजूद रहे।

### आंबेडकर के अधूरे कार्यों को पूरा करने का प्रयास कर रही है समिति : डॉ. राजाराम

रोहतक। हरियाणा अम्बेडकर संघर्ष समिति की ओर से राज्य स्तरीय डॉ. अम्बेडकर की जंयती समिति पिछड़ा प्रकोष्ठ के प्रदेश चेयरमैन मनोहर लाल चांदीवाल की अध्यक्षता में आयोजित की गई। मुख्य अतिथि डॉ. संभाजी राजाराम बाविस्कर कुलपति विक्रमशिला हिन्दी विद्यापीठ भागलपुर ने कहा कि बाबा साहेब डॉ. अम्बेडकर एक महान देशभक्त और प्रखर राष्ट्रवादी थे। उन्होंने कहा कि समिति डॉ. अम्बेडकर के अधूरे कार्यों को पूरा करने का प्रयास कर रही है। समिति के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. मनजीत सिंह दहिया ने कहा कि डॉ. अम्बेडकर को अपने जीवन में अनेक कठिनाईयों और मुश्किल हालातों का सामना करना पड़ा। मनोहर लाल चांदीवाल ने कहा कि डॉ. अम्बेडकर का जीवन उच्च शिक्षा प्राप्ति, कठिन संघर्ष और संगठन शक्ति में आस्था का आदर्श है। बाबा दुलीचंद महाराज ने कहा कि डॉ. अम्बेडकर ने हर चुनौती का डटकर सामना किया।

## बाबा भीमराव आंबेडकर जयंती पर हवन



रोहतक। केशव पार्क में रविवार को हवन यज्ञ में आहुति डालते हुए डॉक्टर हेडगेवार स्मारक समिति के पदाधिकारी। फोटो : हरिभूमि

रोहतक। डॉक्टर हेडगेवार स्मारक समिति द्वारा केशव पार्क ग्रीन रोड में डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती पर हवन का आयोजन किया गया। समिति के उपाध्यक्ष अशोक गुप्ता ने उनकी जीवन पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि भीमराव राम अंबेडकर एक भारतीय न्यायविद, अर्थशास्त्री, समाज सुधारक थे, जिन्होंने संविधान सभा की बहसों से भारत के संविधान का मसौदा तैयार करने वाली समिति का नेतृत्व किया,कानून और न्याय मंत्री के रूप में कार्य किया। इस मौके पर अशोक कुमार गुप्ता, गणपत राय गोयल, दयानंद मिगलानी, इंदर सेन, श्याम सुंदर बुद्धिराजा, धर्मपाल, मंगल चावला, सुनील, विजय आनंद, बलराज, रमेश मुंजाल, सोमनाथ चावला आदि उपस्थित रहे।

### बाबा साहेब ने कमजोर एवं गरीब वर्ग के लिए आजीवन संघर्ष किया



रोहतक। आंबेडकर के चित्र पर माल्यार्पण कर पुष्प अर्पित करते सैनी एजुकेशन सोसाइटी कार्यालय में प्रधान अवनीश सैनी ,सचिव जगदीश कुमार सैनी व पूर्व प्रधान धर्म सिंह दहिया।

रोहतक। आंबेडकर जयंती पर सैनी एजुकेशन सोसाइटी कार्यालय में प्रधान अवनीश सैनी ने अंबेड़कर पर माल्यार्पण कर पुष्प अर्पित किए। उन्होंने कहा कि भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेड़कर का जीवन सामाजिक समरसता, कर्तव्यनिष्ठा एवं समानता का प्रतिबिंब है। उन्होंने राष्ट्र को एक सूत्र में पिरोने के लिए हमें एक ऐसा संविधान दिया, जिससे सभी वर्गों का कल्याण संभव हो। बाबा साहेब ने कमजोर एवं गरीब वर्ग के लिए आजीवन संघर्ष किया। इस अवसर पर सचिव जगदीश कुमार सैनी, पूर्व प्रधान धर्म सिंह दहिया, कैशियर नफे सिंह सैनी, पूर्व महासचिव श्याम कटारिया, सदस्य परमिंद्र कटारिया, राजेश सैनी, नरेंद्र सैनी, प्रवीण सैनी, हेमंत सैनी, राम कुमार सैनी, अमित आदि मौजूद रहे।

### आंबेडकर जयंती हम सब के लिए महत्वपूर्ण-गर्व का क्षण



रोहतक। हरियाणा कांग्रेस शहरी ओबीसी अध्यक्ष व हरियाणा बैरागी सभा जिला अध्यक्ष डॉ. मामराज स्वामी ने कहा कि आंबेडकर जयंती हम सब के लिए एक महत्वपूर्ण और गर्व का क्षण है। उन्होंने अपने विचारों के माध्यम से भारतीय समाज में जातिवाद, असमानता और अधिकारों के बारे में जागरूक किया। उनके द्वारा लिखित भारतीय संविधान में नागरिकों की स्वतंत्रता, समानता और न्याय का अधिकार प्रदान किया गया। इस अवसर पर ओबीसी जिला प्रधान कुलदीप केडी, ओबीसी स्टेट कॉर्डिनेटर लोकिराम प्रजापति, अति पिछड़े वर्ग के नेता बलजीत राणा, दीपक जांगड़ा आदि मौजूद रहे।

### मेहनत कर कोई भी इंसान उंचाइयां छू सकता है



रोहतक। सहयोग सारथी सोसायटी द्वारा आपके साथ एक नई शुरूआत संस्था के सहयोग से 133वीं अम्बेडकर जयंती का आयोजन आदर्श चंद्र केयर सेंटर झज्जर चुंगी में आयोजित किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि शर्मा दीमक वाले रहे। उन्होंने कहा कि साधनहीन होने के बावजूद भी मेहनत के बलबूते पर कोई भी इंसान उंचाईयां छू सकता है। ये डॉ. अम्बेकर ने कर दिखाया था। डॉ. सीएस नागर ने कहा कि डॉ. भीमराव अम्बेडकर की जंयती पर युवाओं को उनसे प्रेरणा लेने की आवश्यकता है। आज भारत का संविधान पूरे विश्व में नम्बर एक पर आता है। संयोजक जेपी गौड़ ने बताया कि वक्ताओं ने डॉ. अम्बेकर के विचारों एवं संस्कारों को अपने जीवन में उतारने के लिए प्रेरित किया। इस असवर पर लतेश नागर, डॉ. निर्मल, संजीव वर्मा, विजय, अरुण, सीमा, साक्षी, संतरा, सत्ते आदि मौजूद रहे।

### नेत्रहीन स्कूल में मनाई बाबा साहेब की जयंती



रोहतक। नारी उदय फाऊंडेशन कपिल अंध प्रकाश विद्यालय व ट्रेनिंग सेंटर घनीपुरा में संविधान निर्माता डॉ भीमराव आंबेड़कर की 134वीं जयंती मनाई गयी। इस दौरान नेत्रहीन छात्रों, निदेशक रानी हुड्डा व प्रिन्सिपल गणेश खरात ने बाबा साहेब के चित्र के समक्ष पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। रानी हुड्डा ने बाबा साहेब के जीवन पर प्रकाश डाला, उनके द्वारा किए गए राष्ट्रहित कार्यों के बारे में बच्चों को बताया। नेत्रहीन बच्चों ने स्पीच दी और गीत सुनाए। इस मौके पर कृष्ण फौगाट, सुरेंद्र अहलावत, विनय, अध्यापक धनेश्वर सहित अन्य मौजूद रहे।

### आंबेड़कर को पुष्प अर्पित कर किया याद



रोहतक। प्रदेश कांग्रेस कमेटी अनुसूचित जाति विभाग के महासचिव राजेश बोहत के नेतृत्व में संविधान के निर्माता डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की 133वीं जयंती मनाई गई। इस मौके पर डॉक्टर भीमराव आंबेड़कर को पुष्प अर्पित करके बाबासाहेब को नमन किया। इस मौके पर रामधारी वाल्मीकि, साकु बिडलान, राजेंद्र खटीक, तिलक राज खटीक, केके खन्ना, नाहर सिकरवाल, कुलदीप चंडालिया अक्षय बागड़ी, कमल सांसी, माया देवी, कैलाश बोहत, अमन बोहत, अशोक बागड़ी, विद्यावती आदि मौजूद रहे।

## प्रदेश में शुरू होगी जनता जागे, नेताओं पर सवाल दागे मुहिमः जयहिंद



रोहतक। सम्बोधित करते हुए डॉक्टर नवीन जयहिंद। फोटो : हरिभूमि

रोहतक। जयहिंद सेना प्रमुख डॉक्टर नवीन जयहिंद ने रविवार को सेक्टर 6 स्थित अपने कार्यालय में जयहिंद सेना के कोर कमांडरों की मीटिंग ली। इस मीटिंग का मुख्य उद्देश्य आगामी रणनीति पर चर्चा करना और कोर कमांडरों को उनके द्वारा जनसेवा के किए गए कामों को ज्यादा से ज्यादा लोगों तक पहुंचाना है। जयहिंद ने बताया कि वे पिछले तीन साल से जनता के मुद्दों की आवाज उठा रहे हैं। अब जब चुनाव है तो अब जनता का काम बनता है कि उनके पास वोट मांगने आने वाले नेताओं से सवाल करें कि सत्ता में रहे नेता ने उनके लिए आज तक शिक्षा, स्वास्थ्य, खराब रोड़, पानी की समस्या, एसवाईएल पानी हरियाणा का हक, परिवार पहचान पत्र में गड़बड़ी की समस्या, बेरोजगारी, नशाखोरी के समाधान के लिए क्या काम किया। उन्होंने बताया कोर कमांडरों की अगली मीटिंग 28 अप्रैल को होगी। **19 मई को पहरावर में मनाई जाएगी परशुराम जयंती:** नवीन जयहिंद ने इस मौके पर आगामी रविवार 19 मई को परशुराम जयंती मनाने की घोषणा भी की। जयहिंद ने बताया कि इस अवसर पर भगवान परशुराम मंदिर मूर्ति निर्माण की नींव भी रखी जाएगी।

TOP-IN-TOWN रोहतक बाजार
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें: विज्ञापन विभाग, हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
मो. 9996959400, 9996985800, 9996965600, 9996954600

AKASH DEEP SCHOOL
REQUIRED
PRIMARY TEACHERS (NUR. to 2nd Class)
PRIMARY INCHARGE
CLERK
Interested Candidates may contact at 9996646543 or send their resume at mkpalarwal76@gmail.com
Vpo. Bhali Anandpur, Rohtak

मानसरोवर हॉस्पिटल
REQUIRES
COMPUTER OPERATOR (F) 4
COMPUTER OPERATOR (M) 4
PHARMACY STAFF 3
CHEMIST SHOP STAFF 2
नजदीक पी.एन.बी. बैंक, विकास नगर के सामने, सोनीपत रोड, रोहतक
Tel. :- +91-1262-253500 Mobile: 9254302848, 9053005599

CUET
ENGLISH | GENERAL TEST | DOMAN SUBJECTS
Join ENTRANCE PREPARATION
CLAT IPMAT DESIGN
BBA BCA LIBERAL
BJMC HOTEL MANAGMENT BA. B.ED
2 YEAR PROGRAM CRASH COURSE 1 YEAR PROGRAM TEST SERIES
Get SCHOLARSHIP upto 50%
T.I.M.E. Triumphant Institute of Management Education Pvt. Ltd.
D-Park, Delhi Road Rohtak 9215598698

# मां कात्यायनी की पूजा-अर्चना की, अखंड ज्योत के दर्शन कर मांगी दीर्घायु की दुआएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

चैत्र नवरात्र के छठे दिन भक्तों ने मां कात्यायनी की पूजा अर्चना कर परिवार के लिए सुख समृद्धि की कामना की। सुबह से ही मंदिरों में मां के दर्शनों के लिए भक्तों की लाइन लगनी शुरू हो गई। श्रद्धालुओं ने आरती करके और चुनरी चढ़ाकर माथा टेका और मां का अशीर्वाद प्राप्त किया। दुर्गा भवन मंदिर, माता मंदिर, श्री दुर्गा महारानी मंदिर, गुफा वाला मंदिर आदि में भक्त सुबह शाम जाकर मन्नतें मांग रहे हैं। वहीं माता दरवाजा स्थित संकट मोचन मंदिर में ब्रह्मलीन गुरुमां गायत्री के सानिध्य में चैत्र नवरात्र में रविवार को चैत्र मास, शुक्ल पक्ष की षष्ठी तिथि को मां जगदंबे के छठे स्वरूप मां कात्यायनी की भक्तों ने सपरिवार मां की अखंड ज्योत की आरती करके और चुनरी चढ़ाकर दीर्घायु की दुआएं मांगी। साध्वी मानेश्वरी देवी ने कहा कि इनके पूजन से दीर्घायु की प्राप्ति होती है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार महर्षि कात्यायन की तपस्या से प्रसन्न होकर आदि शक्ति मां दुर्गा ने उनकी पुत्री के रूप में जन्म लिया था, इसलिए उन्हें कात्यायनी कहा जाता है। श्रद्धालुओं ने दुर्गा स्तुति का पाठ किया। पंडित अशोक द्वारा आरती और प्रसाद वितरित किया गया।



- सुबह से ही मंदिरों में मां के दर्शनों के लिए भक्तों की लाइन लगनी हो गई थी शुरू
- धार्मिक मान्यताओं के अनुसार महर्षि कात्यायन की तपस्या से प्रसन्न होकर आदि शक्ति मां दुर्गा ने उनकी पुत्री के रूप में लिया था जन्म

### मां कात्यायानी की पूजा से मिलता है मन चाहा वर

साध्वी मानेश्वरी ने कहा कि मां कात्यायानी की पूजा करने से भगवान बृहस्पति प्रसन्न होकर विवाह का योग बनाते हैं और शादी में आ रही बाधाएं दूर होती हैं। उन्होंने कहा कि इनकी पूजा से मनचाहे वर की प्राप्ति होती है और धर्म, अर्थ, काम और मोक्ष चारों फलों की प्राप्ति होती है।

### प्रवचन सुनना ही धर्म नहीं बल्कि उसे जीवन में ...

साध्वी मानेश्वरी देवी ने कहा कि प्रवचन सुनना ही धर्म नहीं बल्कि उसे जीवन में प्रयोग रूप देना धर्म है। सत्संगति यदि आचरण में नहीं है तो इसे विसंगति कहा जाएगा। सुनकर जो आचरण में आ जाए, वह सत्संग है। मां कात्यानी का स्वरूप अत्यंत चमकीला, तेजस्वी है और इनकी चार भुजाएं हैं। दाहिनी तरफ का ऊपर वाला हाथ अभय मुद्रा में तथा नीचे वाला वर मुद्रा में है, वहीं बाईं तरफ के ऊपर वाले हाथ में तलवार और नीचे वाले हाथ में कमल-पुष्प सुशोभित है।

### मनुष्य को जीवन में धर्म अवश्य करना चाहिए

साध्वी मानेश्वरी देवी ने बताया कि हम और आप काल रूपी सर्प के मुख में बैठे हैं। यह काल रूपी सर्प कभी भी हमको डस सकता है। हमारी आयु दिन प्रतिदिन घटती जाती है। जिस प्रकार से टूटे घड़े में से पानी की बूंदें एक-एक करके निकलती जाती है। इसलिए मनुष्य को जीवन में धर्म करना चाहिए। धर्म करने से पुण्य बल बढ़ जाता है। पुण्य बल बढ़ जाने से हमें मोक्ष की प्राप्ति होती है।

## खबर संक्षेप



### कुलदीप अत्री को अध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी

**रोहतक।** भारतीय मजदूर संघ रोहतक का अधिवेशन रविवार को कार्यालय में हुआ। इसकी अध्यक्षता संघ के विभाग प्रमुख जितेन्द्र वत्स और हरियाणा पब्लिक हेल्थ कर्मचारी संघ एवं जिला मंत्री जींद विनोद शर्मा ने की। मीटिंग में भारतीय मज़दूर संघ के राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य जेपी कौशिक मौजूद रहे। इन्होंने बताया कि जिला की नई कार्यकारिणी का गठन करते हुए कुलदीप अत्री को अध्यक्ष, जिला मंत्री राहुल कुमार बलियाना को, उपाध्यक्ष रविंद्र बल्हारा, सह सचिव चांद राम को व कोषाध्यक्ष की जिम्मेदारी नवीन को दी गई।



**रोहतक।** रक्तदाताओं को सम्मानित करते हुए मुख्यातिथि पप्पू हंस, अनुज चावला व समाजसेवी गुलशन गिरधर।

### शिविर में 42 लोगों ने किया रक्तदान

**रोहतक।** देशभक्ति स्मारक स्थल नज़दीक आंबेडकर चौक पर रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। जिसमें 42 लोगों ने रक्तदान किया। राष्ट्र देवो भव मिशन अध्यक्ष संत बाबा सुखा शाह महाराज ने बताया कि शिविर समाजसेवी गुलशन गिरधर के जन्म दिवस पर आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि पप्पू हंस व अध्यक्षता अनुज चावला ने की। सभी रक्तदाताओं को संत बाबा सुखा शाह महाराज और गुलशन गिरधर ने प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर गुनीत ढींगड़ा, राजू गांधी, चेतना अरोड़ा, बलदेव, हरीश शर्मा आदि मौजूद रहे।



### रक्तदान से बड़ा कोई दान नहीं : बंसल

**रोहतक।** स्व. महावीर जैन (वरिष्ठ पत्रकार) की 64वीं जन्म जयंती के अवसर पर महावीर जैन चेरिटेबल ट्रस्ट द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें 82 लोगों ने रक्तदान किया। शिविर के मुख्य अतिथि प्रसिद्ध समाज सेवी राजेंद्र बंसल रहे। उन्होंने कहा कि संसार में रक्तदान से बड़ा कोई दान नहीं है। उन्होंने सभी रक्तदाताओं को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। पूर्व महापौर मनमोहन गोयल ने कहा कि रक्तदान पुण्य का काम है।

# गांव बोहर में शौचालय पर लटका मिला ताला, हजारों लोग परेशान

## लोगों ने नगर निगम को की शिकायत, कई साल से किसी ने नहीं ली सुध







हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

वार्ड नम्बर नौ स्थित गांव बोहर में बस अड्डा के पास बनाए गए शौचालय पर ही ताला लटका हुआ है। कई साल से किसी ने इसकी सुध नहीं ली है। नगर निगम द्वारा शौचालय में लगाया गया सामान चोरी हो चुका है। साथ ही इसकी देखरेख के लिए कोई कर्मचारी तैनात नहीं किया गया है। गांव की आबादी के हिसाब से कई शौचालय की जरूरत है, लेकिन एकमात्र शौचालय की दशा ही दयनीय हो चुकी है। ग्रामीणों ने नगर निगम से शौचालय की सुध लेने की मांग की है।

- गांव की आबादी के हिसाब से कई शौचालय की जरूरत है, लेकिन एकमात्र शौचालय की दशा ही दयनीय हो चुकी है

समाजसेवी जसबीर सिंह ने बताया कि गांव में बस स्टैंड के पास एक बड़ा शौचालय नगर निगम द्वारा बनवाया गया है। जिसे महिलाओं एवं पुरुषों के लिए बनाया गया है। लेकिन महिला शौचालय पर काफी दिनों से ताला लटका हुआ है। इसकी वजह से सैकड़ों महिलाओं को परेशानी का सामना करना पड़ता है। उन्होंने बताया कि पुरुष शौचालय की हालत बहुत खराब हो चुकी है। पानी की टोटी गायब हो गई है। इसके अलावा पाइप उखाड़ लिए गए हैं, इसके साथ ही कई जगह से सामान गायब हो चुका है। शौचालय की साफ सफाई नहीं हो रही है। इसकी वजह से गांव के लोगों में रोष है।

### शौचालय की दीवारों पर लगे पोस्टर

जसबीर सिंह ने बताया कि शौचालय की दीवारों पर पोस्टर लगे हुए हैं। इसके अंदर लाइट ,पानी, और सफाई व्यवस्था तक नहीं है। आसपास के दुकानदार भी इसकी वजह से काफी परेशान चल रहे हैं। धर्मसिंह, अशोक, अजीत ,रमेश , नरेश, सुनील, पवन, राकेश, मनोज ने नगर निगम से शौचालय की मरम्मत करवाने और यहां कर्मचारी नियुक्त करने की मांग की है।

# बोहर तपा ने जाट सभा के पैसों का दुरुपयोग करने के लगाए आरोप



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

जाट सभा के निवर्तमान प्रधान सेवानिवृत्त मेजर चंद्र सिंह के खिलाफ को बोहर तपा मैदान में उतरा। मैना पर्यटक केंद्र में अठगामा प्रधान रणबीर सिंह नांदल ने मीडिया से मुखातिब होते हुए कई आरोप लगाए।

इस मौके पर कई और गणमान्य व्यक्ति भी मौजूद रहे। नांदल ने बताया कि 29 अप्रैल 2018 को महासभा की मीटिंग में जांच कमेटी की रिपोर्ट पेश की गई थी। जिसमें वर्तमान प्रधान मेजर चंद्र सिंह के विरुद्ध एक लाख का चैक बिना कार्यकारिणी की मंजूरी के किसी को जारी कर दिया गया तथा आजीवन सदस्य बनाने के नाम पर एकत्रित हुए 164984 रुपये का खर्चा दिखाया गया। जबकि नियमानुसार यह पैसा जाट सभा के खाते में जमा होना चाहिए था, जोकि नियमों की अनदेखी करते हुए जमा ही नहीं हुआ और 164984 रुपये का बैगर हस्ताक्षर का बिल कमेटी को सौंप दिया। जिस पर किसी व्यक्ति के हस्ताक्षर नहीं है इन पैसों की एवज में आजीवन सदस्य भी बना दिए गए जोकि गलत है।

रणबीर नांदल ने कहा कि प्रस्ताव नं. 6 में आरोप लगाया कि पांच हजार रुपये से ज्यादा की अदायगी चैक द्वारा होनी थी, इसके बावजूद कोषाध्यक्ष उदय सिंह फौगाट ने 6 बैड बनवाने के लिए तीन बार 10000-10000 रुपये खुद ही स्वीकृत करके एडवांस नकद भुगतान कर दिया। जबकि सभा में कानूनन कोषाध्यक्ष को स्वीकृति प्रदान करने की अनुमति नहीं है। 5 बैड पुराने खरीदे गए हैं, जिनकी फोटो साथ संलगन हैं, इसकी भी जांच करवाई जाए। 19 फरवरी 2022 को प्रस्ताव नं. 4 में विनोद चौकीदार को 1 मार्च-2022 से हटाने का प्रस्ताव पास किया गया था, क्योंकि विनोद सरकारी नौकरी में कार्यरत होने के बावजूद जाट भवन से तनख्वाह ले रहा था। विनोद को 1 अगस्त 2023 से पुनः नियुक्ति दे दी गई जोकि सरासर गलत है। इसके अलावा भी कई आरोप लगाए गए हैं।

### एक देश एक चुनाव, फ्री बिजली, मोदी की अहम गारंटी : शमशेर सिंह

**रोहतक।** भाजपा प्रदेश मीडिया सह प्रभारी शमशेर सिंह खरक ने कहा कि एक देश एक चुनाव, फ्री बिजली, मोदी की अहम गारंटी है। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी ने गरीब, किसान, महिला और युवा शक्ति का खास ध्यान रखा है। श्री खरक ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने हरियाणा के जिला झज्जर के गांव सिलानी, पाना-केशो के रहने वाले जागरूक किसान रामवीर चाहर को संकल्प पत्र की प्रथम कॉपी सौंपकर हरियाणा का मान और सम्मान बढ़ाया है।



### अध्यापक स्वयं को प्रसन्नचित्त रखें

**रोहतक।** हुअकबरपुर स्थित एचडी पब्लिक स्कूल में सीबीएसई की तरफ से कैपेसिटी बिल्डिंग प्रोग्राम यानी क्षमता संवर्द्धन कार्यक्रम हैप्पी क्लास रूम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में एचडी पब्लिक स्कूल के अध्यापकों के साथ-साथ अन्य विद्यालयों से आए अध्यापकों ने भी भाग लिया। सीबीएसई की तरफ से हिसार के डीएवी पब्लिक स्कूल की प्रधानाचार्या इंदु शर्मा व सोनीपत के ब्राइट स्कॉलर्स सीनियर सेकेंड्री स्कूल की प्राध्यापिका कविता खन्ना ने विभिन्न रचनात्मक गतिविधियों के माध्यम से क्लास रूम में मनोरंजक व प्रसन्नमय तरीके से लर्निंग के लिए सुझाव दिए। उन्होंने बताया कि सबसे पहले अध्यापक स्वयं को प्रसन्नचित्त रखें, तभी वह अपने क्लास रूम को भी प्रसन्नमय बना सकते हैं। एचडी स्कूल के निदेशक सुरेंद्र फौगाट व प्रधानाचार्य दुलाल देब ने उन्हें स्मृति-चिह्न भेंट किए। सभी प्रतिभिगियों को सीबीएसई की तरफ से प्रमाणपत्र भी वउपलब्ध करवाए जाएंगे।

# यूनाइटेड होम्स टाउनशिप की लॉन्चिंग पर हुआ भूमि पूजन

**रोहतक।** यूनाइटेड होम्स टाउनशिप की लॉन्चिंग पर भूमि पूजन एवं भंडारे का आयोजन किया गया। सेक्टर 26 ए में विकसित की जा रही इस गवर्नमेंट अप्रूव्ड टाउनशिप की लॉन्चिंग आयोजन में शहर के गणमान्य व्यक्तियों ने भाग लिया। इस अवसर पर विधायक बीबी बत्रा, पूर्व सहकारिता मंत्री मनीष ग्रोवर, मेयर मनमोहन गोयल, महामंडलेश्वर स्वामी कपिल पुरी महाराज सहित अन्य मौजूद रहे।



### राजेश जैन को मिले पद्म श्री अवार्ड

**रोहतक।** दिल्ली रोड स्थित एसएस बाग में महाराजा अग्रसेन सेवा सदन ट्रस्ट की प्रशिक्षण कार्यशाला व बैठक का आयोजन हुआ, जिसमें मुख्य वक्ता राजेश जैन व मनमोहन गोयल रहे। राजेश जैन ने कहा कि हमारा लक्ष्य समाज सेवा का रहना चाहिए, हम अपने परिवार की सेवा करते हैं, कुछ समय समाज और संगठन को देना चाहिए। उन्होंने कहा कि ट्रस्ट के सदस्यों में सेवा भावना होनी चाहिए। मनमोहन गोयल ने कहा कि ट्रस्ट समाज सेवा में उत्तीर्ण कार्य कर रहा है, हमें युवा बच्चों को शिक्षित बनाना होगा, अगर बच्चे शिक्षित होंगे तो देश तरक्की करेगा। हमें युवा पीढ़ी को संस्कार देने होंगे।



**रोहतक।** ट्रस्ट की पत्रिका का विमोचन करते हुए मुख्य वक्ता समाजसेवी राजेश जैन व पूर्व मेयर मनमोहन गोयल। फोटो : हरिभूमि

इस मौके पर ट्रस्ट की पत्रिका का विमोचन भी किया गया। ट्रस्ट के सदस्यों ने कहा कि राजेश जैन शहर में तन मन धन से सेवा कर रहे हैं। उन्होंने कारोना महामारी में भी जरूरतमंद को रोटी व हर मरीज को वैक्सीन पहुंचाने में योगदान दिया। ट्रस्ट के सदस्यों ने भारत सरकार व हरियाणा सरकार से मांग की कि राजेश जैन को पद्म श्री अवार्ड से सम्मानित किया जाए।



**रोहतक।** कार्यक्रम में मौजूद मुख्य अतिथि पूर्व महापौर मनमोहन गोयल व भारत विकास परिषद भगत सिंह शाखा के पदाधिकारी। फोटो : हरिभूमि

### भाविप भगत सिंह शाखा ने हिंदू नववर्ष पर आयोजित करवाई भजन संध्या

**रोहतक।** भारत विकास परिषद भगत सिंह शाखा द्वारा हिंदू नववर्ष के उपलक्ष में बाबा बालकपूरी धाम पर भजन संध्या व परिवार मिलन समारोह का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि पूर्व महापौर मनमोहन गोयल रहे। उन्होंने कहा कि हमें अपना नववर्ष धूमधाम से मनाना चाहिए।विनीत गर्ग ने सबको हिंदू नववर्ष की बधाई दी। कार्यक्रम में दीदी पूनम परदेसी ने अपने मधुर भजनों से समा बांधा। सभी बिहारी जी, राधा रानी व बाबा खाटू श्याम के भजनों पर झूम उठे। सभी भक्ति रस में डूबे नजर आए। बाबा कर्णपुरी महाराज ने भारत विकास परिषद भगत सिंह शाखा की इस पहल की सराहना की। राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का समापन किया दिया। इस अवसर पर प्रांतीय महासचिव दीपक जिंदल, कोषाध्यक्ष राम चरण सिंगला, सचिव नरेश जैन, सुरेश रावल, अमित महमियां, आशीष जैन सहित अन्य मौजूद रहे।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20,
फोन : 9253681010, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नही हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।



हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5×8 सें.मी<br>10× 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2500/-<br>रु. 3000/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
सिटी कार्यालय :- हरिभूमि, कृषि विज्ञान केन्द्र के सामने, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9996959400
मुख्य कार्यालय :- हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9253681019-20

## अकेले हरियाणा ने रविवार को 20 बाउट जीती

# आज संपन्न होंगी टेलैंट हंट बॉक्सिंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक



- 51-54 किलोग्राम भार वर्ग में हरियाणा के प्रतीक ने एमपी के हिमांशु सोलंकी को और उत्तराखंड के विश्वास मेहरा ने यूपी के आयुष कुमार को हराया

राष्ट्रीय बॉक्सिंग अकादमी में खेली जा रही लड़के और लड़कियों की टेलेंट हंट मुक्केबाजी प्रतियोगिता सोमवार को संपन्न हो जाएगी। रविवार को मुक्केबाजों ने जमकर दो दो हाथ दिखाए। विभिन्न भारवर्ग में दोनों वर्गों 35 बाउट करवाई गई।

यूथ ब्यॉज 46-48 किलोग्राम में महाराष्ट्र के प्रथमेश योगेश ने दिल्ली के शौर्या केआर पटवा को,झारखंड के आनंद कुमार ने तमिलनाडू के एके कीर्थीवासन को, 48-51 में महाराष्ट्र के तनिश संजय बुंदेले ने यूपी के मोहित को, दिल्ली के प्रिंस कुमार ने राजन को, 51-54 में हरियाणा के प्रतीक ने एमपी के हिमांशु सोलंकी को, उत्तराखंड के विश्वास मेहरा ने यूपी के आयुष कुमार को,54 से 57 में हरियाणा के आर्यन ने दिल्ली के विवेक सांगवान को, हरियाणा के सागर ने यूपी के पीयूष तोमर को पराजित किया। लड़कों के ही 57-60 किलोग्राम में हरियाणा के निखिल ने राजस्थान के जीसी राठौर को, यूपी के अभिनव तोमर ने हरियाणा के मोहित को, 60-63 में आसाम के जुनैद आनंद ने महाराष्ट्र के ओमकार को, हरियाणा के अंशुल नू यूपी के यश कुमार को, 63-67 में हरियाणा के ध्रुव प्रसाद ने हरियाणा के सौरव को, मणिपुर के एम कबिराज सिंह ने महाराष्ट्र के अविक मुखर्जी को, 67-71 में हरियाणा के हिमांशु ने अपने ही प्रदेश के जतिन सिंह को, आसाम के युवराज यादव ने हरियाणा के योवराज को, 71-75 में हरियाणा के प्रिंस ने हरियाणा के ही रोहित कुमार को, हरियाणा के रोनक छिकारा ने हरियाणा के नितिन पंघाल को, 75-80में हरियाणा के निखिल ने महाराष्ट्र के ओमजतिन को, हरियाणा के अभिषेक ने आसाम के निरबन ज्योति को, 80-86 में राजस्थान के अरमिंद्र सिंह ने महाराष्ट्र के ओम भारत को, 86-92 मूं तमिलनाडू के रिषी केसन एन ने बंगाल के शंखदीप को, हरियाणा के रितिक ने आसाम के अक्षय को, 92-92 प्लस में हरियाणा के मनीष ने हरियाणा के ही दक्ष को और हरियाणा के वंश ने महाराष्ट्र के निलकांत लक्ष्मन को हराया।

वहींलड़कियों के 46-48 वेट में हरियाणा की माही सिवाच ने हरियाणा के ही डिम्पल को 50-52 में हरियाणा की प्रियंका ने हरियाणा की मिनाक्षी गुजर को, 52-54 में गुजरात की यात्री पटेल ने यूपी की बबिता सिंह को पटकनी दी।

### जेकेएमएस का दो दिवसीय राज्य प्रतिनिधि सम्मेलन संपन्न, अमित महराना बने यूनियन के राज्य प्रधान



**रोहतक।** राज्य प्रतिनिधि सम्मेलन को सम्बोधित करते हरियाणा परिवहन कर्मचारी संघ जेकेएमएस के नेता।

**रोहतक।** हरियाणा परिवहन कर्मचारी संघ जेकेएमएस का 5वां द्विवार्षिक राज्य प्रतिनिधि सम्मेलन संपन्न हुआ। जिसकी अध्यक्षता राज्य प्रधान रमेश शयोकंद ने की। महासचिव अमित महराना ने पिछले दो वर्षों की रिपोर्ट व राज्य कोषाध्यक्ष कृष्ण ने आय और खर्च की रिपोर्ट पेश की, जिसको प्रतिनिधियों ने सर्वसम्मति से पास किया।

**नई कार्यकारिणी की घोषणा की :** राज्य प्रधान द्वारा यूनियन की कार्यकारिणी को भंग किया गया और नयी कार्यकारिणी के चयन के लिए जेकेएमएस के प्रदेश अध्यक्ष संजीव मंदोला को सर्वसम्मति से चुनाव अधिकारी बनाया गया। कार्यकर्ताओं ने चुनाव अधिकारी को दो पैनल की सूची दी, सभी वरिष्ठ पदाधिकारियों से विचार विमर्श के बाद मुख्य चुनाव अधिकारी ने हरियाणा परिवहन कर्मचारी संघ की नई कार्यकारिणी की घोषणा की। जिसमें अमित महराना को यूनियन का राज्य प्रधान चुना गया। वहीं राज्य कार्यकारी प्रधान विक्रम राणा, राज्य महासचिव कृष्ण नोहरा, राज्य कोषाध्यक्ष अनिल गंगाना, वरिष्ठ उपप्रधान बल सिंह, उपप्रधान सतीश फ़ौजी, राजेश मथाना, राजेश पंघाल, राज्य सचिव विनोद मलिक, वीरेंद्र कालखा, रोहित कोल, राज सिंह दनोवा, यशपाल यादव, अजमेर खेड़ी, प्रेस प्रवक्ता रजनीश पावला, कार्यालय सचिव अनिल धनखड़, मुख्य सलाहकार अजीत छोक्कर व राजकुमार को नियुक्त किया गया। वहीं इस दौरान बाबा भीम राव अंबेडकर की जयंती पर उनकी फोटो पर पुष्प अर्पित किए गए। सम्मेलन में सभी डिपो व सब डिपो के कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों ने भाग लिया। इस मौके पर जेकेएमएस के राज्य महासचिव सुरेश पाठक भी मौजूद रहे।